an>

Title: Need to set up a mobile tower in Sidhi Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh to provide mobile connectivity in the area.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका धन्यवाद करती हूँ कि आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर प्रदान किया। आज मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र की तरफ ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूँ। मेरा निर्वाचन क्षेत्र मध्य भारत का अपार दैवीय संपदाओं से भरा हुआ क्षेत्र है। यह जनसंख्या व क्षेत्रफल की दृष्टि से तो काफी बृहद है, किन्तु सुविधाओं की दृष्टि से काफी पीछे है। इस 21वीं शताब्दी में जहाँ 3जी और 4जी जैसी टैक्नोलॉजीस का उपयोग किया जा रहा है, वहाँ के लोगों को मोबाइल नैटकवर्क के अभाव में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अध्यक्ष महोदया, मध्य भारत का यह क्षेत्र सूचना व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पृथक भारत की अनुभूति करता है। अतः मैं इस सदन और आपके माध्यम से माननीय संचार मंत्री जी से यह निवेदन करती हूँ कि संचार के इस अछूते क्षेत्र में विशेष अनुदान देकर पुराने संयंत्रों का नवीनीकरण व नए टावर लगवाने की विशेष कृपा करें।